wagadsandesh.com

# वागड़ संदेश

Tital Code : RAJHIN27802

सम्पर्क
ई-पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें
ई-मेल - editorwagadsandesh@gmail.com
8890633631
9309255545
6351541818

वर्ष-1 अंक-51 | सागवाड़ा, शुक्रवार, 15 अक्टूबर, 2021 | अवधिः हिन्दी ई-पेपर | पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)

## नगरपरिषद के पास एक ईमित्र केंद्र के बाहर नाले में अजगर निकला

**डूंगरपुर।** नगरपरिषद के पास एक ईमित्र केंद्र के बाहर नाले में अजगर आ जाने से हडकम्प मच गया। दरअसल नगरपरिषद के पास ईमित्र केंद्र है जहा पर लोग अपने काम से आये हुए थे। इस दौरान एक व्यक्ति ने नाले के नीचे अजगर देखा तो मौके पर मौजूद लोग घबरा गए। वही अजगर की सुचना पर मौके पर लोगो की भीड़ जमा हो गई। इधर भीड़ में मौजूद किशन भोई, सद्दाम पठान व नगरपरिषद के कार्मिको ने हिम्मत जुटाकर नाले की ऊपर के पत्थर को तोडा और अजगर को बाहर निकाला। वही कड़ी मशक्कत के बाद युवाओ ने अजगर को रेस्क्यू किया और एक बोरे में बंद किया। वही मौके से अजगर को रेस्क्यू करने के बाद युवाओं ने अजगर को सुरक्षित वन क्षेत्र में ले जाकर मुक्त किया।

## भाजपा नेता कटारिया ने माना वल्लभनगर में पार्टी कमजोर धरियावद अच्छे अंतर से जीतेंगे

**उदयपुर।**

वल्लभनगर और धरियावद विधानसभा सीटों के उपचुनावों को लेकर भाजपा नेता गुलाब चंद कटारिया ने कहा कि वल्लभनगर में पार्टी कमजोर है धरियावद अच्छे अंतर से जीतेंगे। बीजेपी ने दोनों सीटों पर नए चेहरे मैदान में उतारे हैं। नेता प्रतिपक्ष गुलाबचंद कटारिया ने वल्लभनगर में नया चेहरा उतारने से बदले समीकरणों में बीजेपी के कुछ कमजोर होने के संकेत दिए हैं।

कटारिया ने कहा- धरियावद सीट हम अच्छे अंतर से जीतेंगे, धरियावद लंबे समय से पार्टी की मजबूत सीट है। वल्लभनगर में हमारा उम्मीदवार चेंज हुआ तो थोड़ा बदलाव आया है, कोशिश तो हो रही है। मैं वहां अब तक फील्ड में नहीं गया। वल्लभनगर में फील्ड में जाने के बाद ही बता पाऊंगा।कटारिया ने धरियावद में भितरघात के सवाल पर कहा कि धरियावद में हमारा कोई बागी नहीं है। कन्हैयालाल खड़े रहते तो धरियावद में संशय रहता, लेकिन अब उनके नाम वापस लेने के बाद कोई संशय नहीं रह गया है। धरियावद में मैंने फील्ड में रहकर देखा है। वहां हम अच्छे अंतराल से सीट निकालेंगे।

# दीपों से जगमगाया शांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर



**भीलूड़ा।** अन्तर्मुखी मुनि पूज्य सागर महाराज के सान्निध्य में शांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में नवरात्रि के अवसर पर नौ दिन तक जिनेन्द्र भगवान की भक्ति और मां पद्मवाती की आराधना की गई। महोत्सव के अंतिम दिन बड़े ही उत्साह से मां पद्मावाती का स्वर्णआभूषण से भव्य श्रंगार किया जाता है। कर्नाटक में इस प्रकार का उत्सव मनाने की परम्परा रही है। सुबह भगवान पार्श्वनाथ का पंचामृत अभिषेक हितेश जैन, मीनेष जैन,प्रतिभा जैन ने किया। उसके बाद मां पद्मवाती का श्रृंगार किया गया। शाम 7 बजे पंडाल में मां पद्मवाती की मूर्ति को साड़ी, चूड़ी,फल,फूल और रोशनी से सजाया गया और 1008 दीपकों का स्वस्तिक बनाकर सहस्त्रनाम के मंत्र बोलते हुए दीप जलाए गए। मां पद्मावती की आराधना के मुख्य यजमान प्रेरणा नरेंद्र शाह सागवाड़ा थे। इसकी साथ ही सुनीता कमलेश जैन परिवार ने भी प्रमुख यजमान बनकर आराधना की। दीपिका जैन, सुलोचना जैन, मोनिका जैन, अंजली जैन, हिमानी जैन, संध्या जैन, प्रियंका जैन,संगीता जैन, प्रतिभा जैन, सुषमा जैन ने भी मां पद्मावाती की गोद भराई की और सभी आराधना करने वाले श्रावकों ने 1008 दीप जलाए। प्रत्येक परिवार ने मां पद्मावती को कुमकुम अर्चना, अर्घ्य, दीपक फल भी समर्पित किए। मुख्य कलश स्थान मोहित जैन व चार कलश की स्थापना का लाभ हितेश जैन, दीपक जैन,पंकज जैन,तृष्टि जैन को मिला। आरती चेतना जी और अष्ट द्रव्य समर्पण करने का लाभ धर्मेंद्र जैन को मिला।

नौदिवसीय आराधना क्षुल्लक अनुश्रवण और तृष्टि दीदी के मार्गदर्शन में एवं हितेश जैन मीनेष जैन निदेशन में सम्पन्न हुए। संचालन धमेंद्र जैन ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से रमणलाल जैन, अरविंद जैन, ओमप्रकाश जैन, कांतिलाल जैन, जयंतीलाल जैन, कमलेश जैन,ललित जैन,अनोखी जैन,मोहित जैन,सुभाष जैन,चंद्रकांत शाह आदि उपस्थित थे।

## सागवाड़ा के सरकारी अस्पताल में ब्लड बैंक का पुनः शुभारंभ हुआ



**सागवाड़ा।**

पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय चिकित्सालय, सागवाडा में शुक्रवार को ब्लड बैंक का पुनः शुभारंभ हुआ। इस मौके पर सपना फाउंडेशन के तत्वावधान में मिनी ब्लड डोनेशन कैंप लगाया गया। इसमें 11 यूनिट रक्तदान हुआ। ब्लड बैंक प्रभारी शंभु कच्छावा ने बताया कि सागवाडा में राजकीय ब्लड बैंक खुलने से क्षेत्र के लोगों को काफी सुविधा मिलेगी। सुविधाओं के अभाव मे अभी तक सागवाडा के रक्त आवश्यकता वाले मरीजों को रैफर करना पड़ता था। लंबे समय से बन्द पड़े रक्त बैंक के पुनः शुरू होने का उत्साह रक्तवीरो को देखकर ही बनता था। रक्तवीरो द्वारा विजयादशमी के शुभ अवसर पर शुरू किए गए ब्लड बैंक के उपलक्ष्य में रक्तदान किया। रक्तदान करने वाले रक्तवीर नीलेश(बच्चन)भट्ट सागवाडा, ताराचंद वर्मा गोवाड़ी, कीर्तिश पाटीदार सेमलिया गाटा, प्रकाश वसात, भावेश पाटीदार डैयाणा, फैज़ल पठान गामड़ा, दिपक अहारी सागवाडा, गौरक्षक अजय बूझ, जितेंद्र पंडया, धनेश्वर पाटीदार, एवं बेटी के जन्मदिन की खुशी पर भरत कुमार पाटीदार भासोर ने ब्लड बैंक पहुंचकर रक्तदान किया। मौके पर मेडिकल प्रशासन से पीएमओ राजाराम मीणा, वरिष्ठ लेब टेक्नीशियन मानशंकर ताबियाड, कमलेश प्रजापत, अनिल भावसार और सपना फाउंडेशन सागवाड़ा टीम से सागवाड़ा प्रभारी राहुल सेवक, सहप्रभारी भावेश जेठाणा, धनेश्वर जेठाणा,पंकज पादरा, कुलदीप सिंह, गौ रक्षक अजय बुज मौजूद रहे।

## बजरी के अवैध परिवहन पर कार्रवाई करते हुए तीन डम्पर को जब्त किया

**डूंगरपुर।** जिले में पुलिस की स्पेशल टीम ने अलसुबह दो अलग जगह बजरी के अवैध परिवहन पर कार्रवाई करते हुए तीन डम्पर को जब्त किया है। वही चालको को हिरासत में लिया है।

जिला स्पेशल पुलिस टीम के प्रभारी दिलीपदान ने बताया कि मुखबीर के जरिये सूचना मिली कि आसपुर क्षेत्र में अवैध रूप से बजरी का परिवहन हो रहा है। इस पर आज शुक्रवार तड़के डीएसटी की टीम ने आसपुर व साबला क्षेत्र में दो अलग-अलग कार्रवाई की। पुलिस ने आसपुर थाना क्षेत्र से 2 डंपर पकड़े। चालक धनराज व कमलेश के पास बजरी परिवहन को लेकर कोई दस्तावेज नही थे, जिस पर बजरी से भरे डंपर को जब्त कर आसपुर पुलिस को सुपुर्द कर दिया। इसी तरह साबला थाना क्षेत्र में बजरी से भरा 1 डंपर पकड़ा है। पुलिस ने डंपर को जब्त करते हुए साबला पुलिस को सौंपा है। वही बजरी परिवहन को लेकर कार्रवाई की सूचना खनन विभाग को दे दी गई है। मामले में अब खनन विभाग जुर्माने की कार्रवाई करेगा। वहीं जुर्माना अदा नहीं करने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## मनीष उर्फ चिंटू ने अपने 2 अन्य साथियों के साथ उदयपुर में भी फाइनेंसकर्मी से लूटे थे 75 हजार

**डूंगरपुर।**

फाइनेंसकर्मी से लूटपाट के मामले में गिरफ्तार मनीष उर्फ चिंटू ने उदयपुर के पहाड़ा थाना क्षेत्र में भी फाइनेंसकर्मी से 75 हजार रुपये की लूट की वारदात को अंजाम दिया था। उसने अपने 2 अन्य साथियों के साथ लूटपाट की थी, वहीं दोनों आरोपी बोखला में हुई लूट में भी शामिल थे। पुलिस उसके साथियों की तलाश भी कर रही है। बिछीवाड़ा थानाधिकारी रणजीतसिंह ने बताया कि 12 अक्टूबर को सेटिन क्रेडिट केयर प्राइवेट लिमिटेड के कार्मिक निरंजन कुमार खटीक निवासी प्रतापगढ़ के साथ 25 हजार 952 रुपये कैश, टेबलेट ओर दस्तावेज लूट की वारदात हुई थी।

मामले का खुलासा करते हुए पुलिस ने मनीष उर्फ चिंटू (19 वर्ष) पुत्र जवाहरलाल डामोर और जगदीश (20 वर्ष) पुत्र गणेश भणात निवासी वड़ापाल को गिरफ्तार किया था। मनीष उर्फ चिंटू ने पुलिस को बताया कि उसने अपने 2 अन्य साथियों सुनील व अपील के साथ मिलकर बोखला में फाइनेंसकर्मी से लूटपाट की थी। आरोपी मनीष ने यह भी बताया कि पिछले दिनों ही उसने अपने 2 अन्य साथियों के साथ मिलकर पडौसी उदयपुर जिले के पहाडा थाना क्षेत्र के कनबई गांव से एक फाइनेंसकर्मी से 75 हजार रुपये की लूट की वारदात को अंजाम दिया था।

आरोपी ने कनबई की वारदात को कबूल कर लिया है। अब पुलिस मामले में सहयोगी दो अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है। वहीं मनीष सहित फरार 2 आरोपी पहाड़ा थाना में भी वांछित है, जिन्हें पहाड़ा पुलिस बाद में कोर्ट के प्रोडक्शन वारंट के जरिये गिरफ्तार करेगी। थानाधिकारी ने बताया कि आरोपी मनीष उर्फ चिंटू व जगदीश को आज शुक्रवार को कोर्ट में पेश किया जाएगा, जहां से आरोपियों के कब्जे से लूट की 25 हजार 952 रुपये की राशि, टैबलेट व दस्तावेज बरामदगी के लिए पुलिस रिमांड मांगा जाएगा। जसके बाद ओर भी कई खुलासे होने की संभावना है।

## भाजपा महिला मोर्चा ने शिक्षामंत्री का फूंका पुतल, महिला टीचरों पर बयानबाजी की निंदा



**डूंगरपुर।** भाजपा महिला मोर्चा ने शिक्षामंत्री और कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद डोटासरा के महिलाओं पर दिए बयान की निंदा की है। मोर्चा की महिलाओं ने आज दशहरे के दिन तहसील चौराहा के सामने प्रदर्शन कर डोटासरा का पुतला फूंका। प्रदर्शन करते हुए डोटासरा से इस्तीफे मांगा। मोर्चा की जिलाध्यक्ष राजकुमारी प्रजापत के नेतृत्व में महिलाएं शुक्रवार को तहसील चौराहा के सामने एकत्रित हुई। इसके बाद डोटासरा के बयान के खिलाफ प्रदर्शन किया। प्रजापत ने कहा कि शिक्षा मंत्री और कांग्रेस के मुखिया की महिलाओं के प्रति सोच उनकी मानसिकता को दिखाती हैं। महिला टीचर स्कूलों में बच्चो का भविष्य बनाती है। उनका एक परिवार की तरह ख्याल रखती है। मगर शिक्षा मंत्री गलत बयानबाजी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में महिला अत्याचार, दुष्कर्म और प्रताड़ना की घटना बढ़ रही है। राज्य सरकार इन वारदातों को रोकने में पूरी तरह से फेल है। भाजपा महिला मोर्चा ने डोटासरा से महिलाओं से माफी मांगने के साथ इस्तीफा देने की मांग की है।

## अंबेडकर संस्कार केंद्र यादव बस्ती पर कन्या पूजन कार्यक्रम संपन्न

**सागवाड़ा।** विद्या निकेतन माध्यमिक विद्यालय भीलूड़ा द्वारा संचालित डॉक्टर अंबेडकर संस्कार केंद्र यादव बस्ती में कन्या पूजन समारोह शिक्षाविद कल्पना व्यास के मुख्य आतिथ्य, लता भट्ट की अध्यक्षता एवं समाजसेवी पूरी यादव के विशिष्ट आतिथ्य में समारोह पूर्वक संपन्न हुआ। सरस्वती वंदना से प्रारंभ हुए समारोह में केंद्र संचालिका निर्मला पंचाल ने अतिथियों का परिचय करवाते हुए केंद्र का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया मुख्य अतिथि के पद से बोलते हुए व्यास ने कन्या पूजन कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति में आदि अनादि काल से मातृ शक्ति को देवी स्वरूपा माना गया है, मातृशक्ति के प्रति आज के युग में भी श्रद्धा बढे तथा भ्रूण हत्या जैसी घटनाएं को रोकने के लिए विद्या भारती के प्रत्येक विद्यालय द्वारा संचालित केंद्र पर आज महानवमी पर कन्या पूजन का आयोजन किया जा रहा है।

## राजस्थान में कृषि की पढ़ाई के लिए 15 हजार देगी गहलोत सरकार



**जयपुर।** राजस्थान में कृषि क्षेत्र से जुड़ी पढ़ाई कर रही लड़कियों के लिए खुशी की खबर है। दरअसल, राजस्थान सरकार ने लड़कियों को कृषि की पढ़ाई के लिए प्रोत्साहन राशि देने का निर्णय लिया है। अशोक गहलोत सरकार की इस योजना के तहत कृषि की पढ़ाई कर रही लड़कियों को आर्थिक मदद दी जाएगी, जिसके लिए आवेदन की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर तय की गई है।

इसका लाभ लेने वाली लड़कियों को कुछ अहम दस्तावेज जमा करने होंगे। कृषि विषय लेकर सीनियर सेकेंडरी में पढ़ाई करने वाली छात्राओं को 11वीं एवं 12वीं क्लास के लिए प्रतिवर्ष 5000 रुपये की राशि दी जाएगी. कृषि स्नातक शिक्षा जैसे उद्यानिकी, डेयरी, कृषि अभियांत्रिकी की पढ़ाई करने वाली छात्राओं को 12000 रुपये प्रतिवर्ष दिया जाएगा. वहीं कृषि विषय में पोस्ट ग्रेजुएशन (एम.एस.सी. कृषि) की पढ़ाई कर रही छात्राओं को 12000 रुपये राशि प्रतिवर्ष दी जाएगी, जबकि कृषि विषय में पीएचडी करने वाली छात्राओं को 15000 रुपये प्रतिवर्ष (अधिकतम 3 वर्ष) दी जाएगी।

## 13 वर्ष के विक्रम ने 12 फिट का रावण का पुतला बना कर दहन किया

**सागवाड़ा।**

डूंगरपुर जिले के सागवाडा शहर में एक 13 वर्षीय बच्चे ने अपने घर पर रावण का पुतला बना कर दहन किया । शहर के हरिजन बस्ती निवासी विक्रम पिता प्रकाश हरिजन ने अपने घर पर ही 12 फिट का रावण का पुतला बनाया । विक्रम ने 5 दिन में इस रावण के पुतले को तैयार किया है । वही इस पुतले को बनाने में कोरोना गाइडलाइन की भी पालना की गई है । इसमे किसी भी प्रकार के पटाखों का उपयोग नही किया गया है। शुक्रवार विजयदशमी पर्व पर रावण दहन हुआ ।



# सागवाड़ा में RSS ने विजयादशमी उत्सव मनाया



**सागवाड़ा।** राजकीय महिपाल उच्च माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों ने विजयादशमी उत्सव शुक्रवार को मनाया। विभाग प्रचार प्रमुख अमित चौधरी ने कहा कि विजयादशमी शक्ति उपासना का पवित्र दिन है तथा प्रत्येक भारतवासी को शक्ति एवं शस्त्रों का पूजन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि राम न तो अपने ननिहाल से और न ही कहीं ओर से सेना मंगवा कर बुराई पर विजय प्राप्त की, बल्कि जन जागरण है करते हुए बुराई पर जीत हासिल की। इसी तरह कृष्ण ने भी अच्छे लोगों का साथ देकर अधर्म पर धर्म की विजय पताका फैराई। चौधरी ने कहा कि जन जागरण से हिंदू समाज संगठित हुआ जिसका ही परिणाम है कि श्री राम मंदिर का निर्माण, धारा 370 का कश्मीर से हटना और आज भारत की बात को विश्व में सुना जाना महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि सभी समाजों को जागरूक, स्वाभिमानी, आत्म विश्वासी, जीवन मूल्यों पर आस्था रखने वाला, अपनी परंपराओं, आदर्शों व संस्कृति पर गर्व हो और उसी अनुरूप शक्तिशाली बनाने के लिए डॉ. हेडगेवार ने वर्ष 1925 में संघ की स्थापना की थी। चौधरी ने कहा कि आज भारत में इसी शक्ति के बूते कोरोना को हराया और भारत एक विश्व की महाशक्ति के रूप में उभरा है। प्रारंभ में काव्य गीत, अवतरण के बाद बौद्धिक हुआ। इस अवसर पर स्वयंसेवकों ने व्यायाम, योग, नियुद्ध, दंड तथा सूर्य नमस्कार का प्रदर्शन किया। सभी स्वयंसेवक पूर्ण गणवेश में उपस्थित रहे। इस दौरान नगर संघचालक उमाकांत व्यास, नगर कार्यवाह अनुराग ठाकुर, विनोद गर्ग, मंगलेश वाडेल, हरीश सोमपुरा, नगर प्रचारक अंकित मौजूद थे।

## कोटा में रावण को पैरों से रौंदा, चित्तौड़गढ़ में रावण की अंतिम यात्रा निकली और चारभुजाजी में गोलियों से छलनी किया

**जयपुर।**

विजयादशमी के मौके पर राजस्थान में रावण दहन हुआ। कोटा में इस बार सिर्फ 25 फीट के रावण का दहन किया गया। कोटा में रावण को पैरों से रौंदा गया। चित्तौड़गढ़ में रावण की अंतिम यात्रा निकली गई। राजसमंद के चारभुजाजी में दशहरे पर ग्रामीणों ने 200 साल पुरानी परंपरा निभाई। यहां पर पत्थर का रावण बनाकर पेट और सिर पर मटका लगाया गया। इसे देवस्थान विभाग के सिपाहियों ने बंदूक की गोलियों से छलनी कर दिया।चित्तौड़गढ़ जिले में पहली बार रावण को सम्मान देते हुए अंतिम संस्कार किया गया। गोबर से बने 8 फीट के पुतले को शैय्या पर लेटाकर पूरे विधि-विधान के साथ अंतिम विदाई दी गई।

कोटा में जेठी समाज के लोग ने मिट्टी के रावण को पैरों तले रौंदते हैं।उदयपुर में भी परंपरा के अनुसार शक्ति नगर में रावण दहन कार्यक्रम हुआ। इस दौरान सनातन मंदिर की ओर से 9 फीट लंबी सोने की लंका जलाकर 15 फीट ऊंचे रावण का दहन किया गया

## दिवाली पर दो घंटे ग्रीन पटाखे चलाने की अनुमति

**जयपुर।** राजस्थान में व्यापारियों के विरोध को देखते हुए गहलोत सरकार ने पटाखों पर लगी रोक को कुछ सीमा तक हटाने का फैसला किया है। NCR में शामिल अलवर, भरतपुर के क्षेत्र को छोड़ पूरे राजस्थान में ग्रीन पटाखे और ग्रीन आतिशबाजी बेचने और चलाने की अनुमति दी गई है। गृह विभाग ने नई गाइडलाइन जारी कर दी है। ग्रीन आतिशबाजी के लिए टाइम स्लॉट तय किया है। दिवाली, गुरुपर्व और अन्य त्योहारों पर रात 8 से 10 बजे तक आतिशबाजी की अनुमति होगी। छठ पर्व पर सुबह 6 से 8 बजे तक आतिशबाजी की अनुमति होगी। क्रिसमस और न्यू ईयर पर रात 11:55 से 12:30 बजे तक ग्रीन आतिशबाजी की जा सकेगी।